प्रादेशिक समाचार

दिनांक–05.09.2024 (दोपहर–1455 बजे)

केन्द्र सरकार ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से कहा है कि वे 10 सितम्बर से पहले सभी चिकित्सा संस्थानों में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए किये गये उपायों की रिपोर्ट उसे भेजें। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चन्द्र ने इस संबंध में सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों को पत्र लिखा है। उनसे कहा गया है कि वह प्रत्येक क्षेत्र और जिले में अधिक भीड़ वाले अस्पतालों की पहचान करें और वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्यरत चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की सौर ऊर्जा क्षमता पिछले दस वर्षों में 32 गुना बढ़ गई है और इस गति से देश को 2030 तक 500 गीगा वाट गैर–जीवाश्म क्षमता हासिल करने में मदद मिलेगी। श्री मोदी ने नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सौर महोत्सव को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। मोदी ने कहा कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में हरित ऊर्जा के क्षेत्र में कई बड़े कदम उठाए हैं और यह नवीकरणीय ऊर्जा में पेरिस प्रतिबद्धताओं को हासिल करने वाला पहला जी–20 राष्ट्र है।

****

हजारीबाग में राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के सेवानिवृत्ति सहायक शिक्षक मनोज कुमार पेड़ बचाने की अनोखी मुहिम चला रहे है। लोग उन्हें बरगद बाबा बुलाते हैं। मनोज कुमार अब तक हजारीबाग और आसपास पांच हजार से अधिक पेड़ पौधे लगा चुके हैं। उनके अभियान में नेत्रहीन भी जुट रहे हैं। उन्होंने अपने कॉलेज के 200 से अधिक बच्चों को पौधा रोपण के लिए प्रेरित किया है। यही नहीं दाखिला लेने वाले नये विद्यार्थियों को एक पौधा दिया जाता है। वे पौधा अपने घर या आसपास लगाते हैं और उसकी रक्षा का वचन भी देते हैं।

****

रामगढ़ जिले में पुलिस ने प्रतिबंधित इंजेक्शन बेचने वाले गिरोह के तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों के पास से 300 पीस प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद किये गये हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों से कई अहम जानकारियां पुलिस को मिली हैं। उधर, जामताड़ा जिले में एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है।

****

सिमडेगा जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर 20 सितंबर को लगभग डेढ़ लाख बच्चों को कृमि नाशक दवा दी जायेगी।

****

रांची से पटना जाने वाली वंदे भारत ट्रेन पर आज हजारीबाग के चरही और बेस रेलवे स्टेशन के बीच में पथराव हुआ। इससे ट्रेन को नुकसान पहुंचा है। इससे बोगी पर लगा कांच टूट गया। हालांकि,अंदर बैठे किसी यात्री को नुकसान नहीं हुआ है। सीसीटीवी फुटेज के जरिए

असामाजिक तत्वों की पहचान की कोशिश की जा रही है। रेलवे पुलिस मामले की जांच कर रही है।

****

पाकुड जिले में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने व्यवहार न्यायालय के निकट मेडिकल कैम्प लगाया। मेडिकल कैम्प में सैकड़ों लोगों के रक्तचाप और मधुमेह की मुफ्त जांच की गयी। कैम्प में दर्जनों लोगों ने ब्लड ग्रुप की भी जांच करायी। मेडिकल कैम्प में मधुमेह और रक्तचाप के लक्षण पाए गए लोगों को सावधानी बरतने की सलाह देने के साथ दवा भी दी गयी।

****

सरायकेला खरसावां जिले के चौका थाना के बंसा में कल देर रात एक अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। इधर, ठोकर मारने वाले वाहन का पता नहीं चल पाया है, पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

****

पेरिस पैरालिंपिक के आठवें दिन भारतीय पैरा खिलाड़ी निशानेबाजी, जूडो, तीरंदाजी, एथलेटिक्स और पावरलिफ्टिंग स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। कपिल परमार और कोकिला ब्लाइंड जूडो स्पर्धा में जीत दर्ज करने की कोशिश करेंगे। भारत पदक तालिका में पांच स्वर्ण, नौ रजत और 10 कांस्य पदक के साथ 13वें स्थान पर है।

********समाप्त***********